# विश्वविद्यालय में विश्व पशुचिकित्सा दिवस मनाया गया

विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय में आज विश्व पशुचिकित्सा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान तथा विशिष्ट अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहायक महानिदेशक (शिक्षा) डा. अजय सिंह यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय द्वारा हाल ही में आयोजित 17वीं एग्रीकल्चर साइंस कांग्रेस के अभूतपूर्व सफल आयोजन के लिए प्रशंसा व्यक्त की। कुलपति द्वारा विश्व पशुचिकित्सा दिवस के अवसर पर सभी को बधाई दी तथा उहोंने कहा कि पशु अपने दुख दर्द किसी से कह नही कर सकते तथा उनकी सेवा से हम सभी को पुण्य प्राप्त होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से पशुओं की सेवा तन मन से करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशकगण, संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।